**Series : SKS/1**

कोड नं.
Code No. **67/1/1**

रोल नं.
**Roll No.** | | | | | | | |

परीक्षार्थी कोड को उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर अवश्य लिखें ।

Candidates must write the Code on the title page of the answer-book.

- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ **15** हैं ।
- प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए कोड नम्बर को छात्र उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें ।
- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में **25** प्रश्न हैं ।
- **कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें ।**
- इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है । प्रश्न-पत्र का वितरण पूर्वाह्न में 10.15 बजे किया जायेगा । 10.15 बजे से 10.30 बजे तक छात्र केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर-पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे ।
- Please check that this question paper contains **15** printed pages.
- Code number given on the right hand side of the question paper should be written on the title page of the answer-book by the candidate.
- Please check that this question paper contains **25** questions.
- **Please write down the Serial Number of the question before attempting it.**
- 15 minutes time has been allotted to read this question paper. The question paper will be distributed at 10.15 a.m. From 10.15 a.m. to 10.30 a.m., the students will read the question paper only and will not write any answer on the answer-book during this period.

# लेखाशास्त्र
# ACCOUNTANCY

*निर्धारित समय : 3 घंटे ]* *[ अधिकतम अंक : 80*

*Time allowed : 3 hours ]* *[ Maximum Marks : 80*

**सामान्य निर्देश :**

*(i) यह प्रश्न-पत्र **तीन** भागों में विभक्त है – **क, ख** और **ग** ।*

*(ii) भाग **क** सभी छात्रों के लिए **अनिवार्य** है ।*

*(iii) परीक्षार्थियों को शेष भाग **ख** और **ग** में से कोई **एक** भाग हल करना है ।*

*(iv) किसी प्रश्न के सभी भागों के उत्तर एक ही स्थान पर लिखिए ।*

**General Instructions :**

*(i) This question paper contains **three** parts **A, B** and **C**.*

*(ii) Part A is **compulsory** for all candidates.*

*(iii) Candidates can attempt only **one** part of the remaining parts **B** and **C**.*

*(iv) **All** parts of the questions should be attempted at **one** place.*

## भाग – क

## PART – A

### (साझेदारी फर्मों तथा कम्पनियों के लिए लेखांकन)

### (Accounting for Partnership Firms and Companies)

1. जब साझेदारों की पूँजी स्थाई हो तो एक साझेदार द्वारा किए गए आहरण का लेखा कहाँ किया जाएगा ? **1**

   When the partner capitals are fixed, where the drawings made by a partner will be recorded ?

2. जब विद्यमान साझेदारों के लाभ-हानि अनुपात में परिवर्तन होता है तो वे सम्पत्तियों और देनदारियों के पुनर्मूल्यांकन पर लाभ अथवा हानि को किस अनुपात में विभाजित करते हैं ? **1**

   State the ratio in which the partners share profits or losses on revaluation of assets and liabilities, when there is a change in profit sharing ratio amongst existing partners ?

3. उस खाते का नाम बताइये जो एक साझेदार की मृत्यु पर उसकी मृत्यु के दिन तक के लाभ के अंश को उसके पूँजी खाते में जमा करने के लिए खोला जाता है। **1**

   Name the account which is opened to credit the share of profit of the deceased partner, till the time of his death to his Capital account.

4. सज्जन के अवकाश ग्रहण करने के समय 'कर्मचारी क्षतिपूर्ति संचय' के ₹ 60,000 के विभाजन हेतु रोजनामचा प्रविष्टि कीजिए, यदि इसके लिए कोई दावा नहीं है । फर्म में रजत, सज्जन तथा कविता तीन साझेदार हैं । **1**

   Give the journal entry to distribute 'Workman Compensation Reserve' of ₹ 60,000 at the time of retirement of Sajjan, when there is no claim against it. The firm has three partners Rajat, Sajjan and Kavita.

5. 'प्रतिभूति प्रीमियम' का क्या तात्पर्य है ? **1**

   What is meant by 'Securities Premium' ?

6. यदि कम्पनी ने अपना कोई अन्तर्नियम नहीं तैयार किया है तो कम्पनी पूर्वदत्त माँग पर किस दर से ब्याज का भुगतान करती है ? **1**

   What rate of interest the company pays on calls - in advance if, it has not prepared its own Articles of Association ?

7. समपार्श्विक प्रतिभूति के रूप में ऋणपत्रों के निर्गमन का क्या तात्पर्य होता है ? **1**

   What is meant by issue of debentures as a collateral security ?

8. मोना, निशा तथा प्रियंका एक फर्म में साझेदार हैं । तीन वर्ष पूर्व प्रत्येक ने ₹ 50,000 पूँजी के रूप में विनियोजित किये । निशा तथा मोना के व्यस्त होने के कारण उस समय प्रियंका व्यवसाय का कामकाज देखने के लिए सहमत हो गई थी । विगत तीन वर्षों के लाभ क्रमश: ₹ 15,000, ₹ 25,000 तथा ₹ 50,000 थे । लेखांकन की पुस्तकों का अवलोकन करने पर, मोना को ज्ञात हुआ कि लाभों को 1 : 1 : 2 के अनुपात में विभाजित किया गया है । इस विषय में जब उसने प्रियंका से पूछताछ की तो प्रियंका ने कहा कि जब वह व्यवसाय की देखभाल करती है तो उसे अधिक लाभ मिलना चाहिए । मोना सहमत नहीं हुई तथा यह निश्चय किया गया कि लाभों को पिछले तीन वर्षों से बराबर-बराबर विभाजित किया जाए ।

(अ) मोना, निशा तथा प्रियंका की खाता पुस्तकों में आवश्यक सुधार करने के लिए समायोजन प्रविष्टि कीजिये ।

(ब) उस मूल्य की पहचान कीजिये जो प्रियंका ने लाभ विभाजन के समय नहीं अपनाया । **2 + 1 = 3**

Mona, Nisha and Priyanka are partners in a firm. They contributed ₹ 50,000 each as capital three years ago. At that time Priyanka agreed to look after the business as Mona and Nisha were busy. The profits for the past three years were ₹ 15,000, ₹ 25,000 and ₹ 50,000 respectively. While going through the books of accounts Mona noticed that the profit had been distributed in the ratio of 1 : 1 : 2. When she enquired from Priyanka about this, Priyanka answered that since she looked after the business she should get more profit. Mona disagreed and it was decided to distribute profit equally retrospectively for the last three years.

(a) You are required to make necessary corrections in the books of accounts of Mona, Nisha and Priyanka by passing an adjustment entry.

(b) Identify the value which was not practiced by Priyanka while distributing profits.

9. ₹ 100 प्रत्येक के 1,000, 7% ऋणपत्रों निर्गमन के लिए निम्नलिखित परिस्थितियों में आवश्यक रोजनामचा प्रविष्टियाँ कीजिए :

(अ) निर्गमन 5% प्रीमियम पर, शोधन 10% प्रीमियम पर ।

(ब) निर्गमन 5% बट्टे पर, शोधन सममूल्य पर । **3**

Pass the necessary journal entries for issue of 1,000, 7% Debentures of ₹ 100 each in the following cases :

(a) Issued at 5% premium redeemable at a premium of 10%.

(b) Issued at a discount of 5% redeemable at par.

10. तनेजा कन्स्ट्रक्शन लिमिटेड के ₹ 100 प्रत्येक के ₹ 5,00,000, 7% ऋणपत्र जिनका शोधन 10% प्रीमियम पर होना था, अदत्त शेष थे । शोधन की शर्तों के अनुसार, कम्पनी ने उपरोक्त में से 30% ऋणपत्रों का ₹ 50 प्रत्येक के अंशों को 20% प्रीमियम पर निर्गमित करके परिवर्तन द्वारा शोधन किया । तनेजा कन्स्ट्रक्शन लिमिटेड की पुस्तकों में ऋणपत्रों के शोधन की प्रविष्टियाँ कीजिए । **3**

Taneja Constructions Ltd. has an outstanding balance of ₹ 5,00,000, 7% debentures of ₹ 100 each redeemable at a premium of 10%. According to the terms of redemption, the company redeemed 30% of the above debentures by converting them into shares of ₹ 50 each at a premium of 20%. Record the entries for redemption of debentures in the books of Taneja Constructions Ltd.

11. अभय तथा बीना एक फर्म में साझेदार हैं । उन्होंने चेतन को फर्म के लाभों में 1/4 भाग के लिए साझेदार बनाया । अपने हिस्से की पूँजी के रूप में चेतन ₹ 2,00,000 लाया । उस दिन फर्म की सभी सम्पत्तियों का मूल्य ₹ 5,40,000 तथा बाह्य देयताओं का ₹ 1,00,000 लगाया गया । चेतन के प्रवेश के समय ख्याति के लेखांकन की प्रविष्टि कीजिए । अपनी कार्यकारी टिप्पणी को भी दर्शाइये । **4**

Abhay and Beena are partners in a firm. They admit Chetan as a partner with 1/4th share in the profits of the firm. Chetan brings ₹ 2,00,000 as his share of capital. The value of the total assets of the firm is ₹ 5,40,000 and outside liabilities are valued at ₹ 1,00,000 on that date. Give the necessary entry to record goodwill at the time of Chetan's admission. Also show your working notes.

12. नरेश, डैविड और असलम साझेदार हैं जो लाभों को 5 : 3 : 7 के अनुपात में विभाजित करते हैं । 1 अप्रैल, 2012 को नरेश ने फर्म से अवकाश ग्रहण करने के लिए नोटिस दिया । डैविड तथा असलम ने लाभों को भविष्य में 2 : 3 के अनुपात में विभाजित करने का निर्णय लिया । डैविड तथा असलम के समायोजित पूँजी खातों के शेष क्रमशः ₹ 33,000 तथा ₹ 70,500 थे । नरेश को कुल ₹ 90,500 का भुगतान किया जाना था । इस राशि का भुगतान डैविड तथा असलम ने इस प्रकार करना था कि उनके पूँजी खातों के शेष उनके लाभ विभाजन के नये अनुपात में हो जायें । फर्म की पुस्तकों में उपरोक्त लेनदेनों के लिए आवश्यक रोजनामचा प्रविष्टियाँ कीजिए । अपनी कार्य टिप्पणी स्पष्ट दर्शाइये । **4**

Naresh, David and Aslam are partners sharing profits in the ratio of 5 : 3 : 7. On April 1st, 2012, Naresh gave a notice to retire from the firm. David and Aslam decided to share future profits in the ratio of 2 : 3. The adjusted capital accounts of David and Aslam show a balance of ₹ 33,000 and ₹ 70,500 respectively. The total amount to be paid to Naresh is ₹ 90,500. This amount is to be paid by David and Aslam in such a way that their capitals become proportionate to their new profit sharing ratio. Pass necessary journal entries for the above transactions in the books of the firm. Show your working clearly.

13. माधव लिमिटेड ने गुप्ता ब्रदर्स के चालू व्यवसाय के क्रय मूल्य के भुगतान के लिए ₹ 80 प्रत्येक के समता अंश ₹ 5 प्रति अंश बट्टे पर निर्गमित किये । क्रय मूल्य ₹ 15,00,000 था । सम्पत्तियाँ एवं दायित्व निम्नानुसार थे :

प्लाण्ट ₹ 5,00,000; ट्रक ₹ 7,00,000; रहतिया ₹ 3,00,000; मशीनरी ₹ 6,00,000 तथा विविध लेनदार ₹ 5,00,000 थे ।

माधव लिमिटेड की पुस्तकों में उपरोक्त लेनदेनों के लिए आवश्यक रोजनामचा प्रविष्टियाँ कीजिए । **4**

Madhav Ltd. issued fully paid equity shares of ₹ 80 each at a discount of ₹ 5 per share for the purchase of a running business from Gupta Bros. for a sum of ₹ 15,00,000.

The assets and liabilities consisted of the following :

Plant ₹ 5,00,000; Trucks ₹ 7,00,000; Stock ₹ 3,00,000; Machinery ₹ 6,00,000 and Sundry Creditors ₹ 5,00,000.

You are required to pass necessary journal entries for the above transactions in the books of Madhav Ltd.

14. सुहानी लिमिटेड की अधिकृत पूँजी ₹ 45,00,000 थी जो ₹ 150 प्रत्येक के 30,000 अंशों में विभक्त थी । इनमें से कम्पनी ने ₹ 150 प्रत्येक के 15,000 अंशों का ₹ 10 प्रति अंश प्रीमियम पर निर्गमन किया । राशि निम्नानुसार देय थी :

आवेदन पर ₹ 50 प्रति अंश, आबंटन पर ₹ 40 प्रति अंश (प्रीमियम सहित) ₹ 30 प्रति अंश प्रथम याचना पर तथा शेष अन्तिम याचना पर । जनता ने 14,000 अंशों के लिए आवेदन किया । सभी धनराशियाँ प्राप्त हो गईं । उपरोक्त सूचनाओं को दर्शाते हुए सुहानी लिमिटेड का कम्पनी अधिनियम 1956 की परिशोधित सारिणी VI भाग - I के अनुसार स्थिति-विवरण का उद्धरण तैयार कीजिए तथा उसी के लिए 'खातों के नोट्स' भी बनाइये । **4**

The authorized capital of Suhani Ltd. is ₹ 45,00,000 divided into 30,000 shares of ₹ 150 each. Out of these company issued 15,000 shares of ₹ 150 each at a premium of ₹ 10 per share. The amount was payable as follows :

₹ 50 per share on application, ₹ 40 per share on allotment (including premium), ₹ 30 per share on first call and balance on final call. Public applied for 14,000 shares. All the money was duly received.

Prepare an extract of Balance Sheet of Suhani Ltd. as per Revised Schedule VI Part – I of the Companies Act 1956 disclosing the above information. Also prepare 'notes to accounts' for the same.

15. अली, बिमल तथा दीपक एक फर्म में साझेदार हैं । 1 अप्रैल, 2011 को उनके पूँजी खातों के शेष क्रमश: ₹ 4,00,000, ₹ 3,00,000 तथा ₹ 2,00,000 थे । वे 5 : 3 : 2 के अनुपात में लाभ-हानि विभाजित करते थे । साझेदारी संलेख के अनुसार साझेदार, पूँजी पर 10% वार्षिक की दर से ब्याज तथा बिमल ₹ 2,000 प्रति मास व दीपक ₹ 3,000 प्रति तिमाही वेतन पाने के अधिकारी हैं ।

बिमल के हिस्से का लाभ (पूँजी पर ब्याज छोड़कर तथा वेतन को सम्मिलित करके) कम से कम ₹ 50,000 प्रति वर्ष आश्वासित है । कोई भी कमी जो आश्वासित राशि में होगी उसकी पूर्ति दीपक द्वारा की जायेगी । 31 मार्च, 2012 को समाप्त होने वाले वर्ष का लाभ ₹ 2,00,000 था । 31 मार्च, 2012 को समाप्त हुए वर्ष के लिए फर्म का लाभ-हानि विनियोजन खाता तैयार कीजिए । **6**

Ali, Bimal and Deepak are partners in a firm. On 1st April, 2011 their capital accounts stood at ₹ 4,00,000, ₹ 3,00,000 and ₹ 2,00,000 respectively. They shared profits and losses in the proportion of 5 : 3 : 2. Partners are entitled to interest on capital @ 10% per annum and salary to Bimal and Deepak @ ₹ 2,000 per month and ₹ 3,000 per quarter respectively as per the provisions of the partnership deed.

Bimal's share of profit (excluding interest on capital but including salary) is guaranteed at a minimum of ₹ 50,000 p.a. Any deficiency arising on that account shall be met by Deepak. The profits of the firm for the year ended 31st March, 2012 amounted to ₹ 2,00,000. Prepare Profit & Loss Appropriation Account for the year ended on 31st March, 2012.

16. सुधा, रहीम तथा कार्तिक जो लाभों को 3 : 3 : 4 के अनुपात में वितरित करते थे, का 31 मार्च, 2012 को स्थिति-विवरण निम्नानुसार था :

| देयताएँ | | राशि (₹) | सम्पत्तियाँ | राशि (₹) |
|---|---|---|---|---|
| सामान्य संचय | | 10,000 | रोकड़ | 16,000 |
| देय विपत्र | | 5,000 | रहतिया | 44,000 |
| ऋण | | 12,000 | विनियोग | 47,000 |
| पूँजी : सुधा : | 60,000 | | भूमि व भवन | 60,000 |
| रहीम : | 50,000 | | सुधा का ऋण | 10,000 |
| कार्तिक : | 40,000 | 1,50,000 | | |
| | | **1,77,000** | | **1,77,000** |

30 जून, 2012 को सुधा की मृत्यु हो गई । किसी साझेदार की मृत्यु के समय साझेदारी संलेख में निम्नलिखित प्रावधान दिये हुए हैं :

(अ) फर्म की ख्याति का मूल्यांकन पिछले तीन वर्षों के औसत लाभ के दो गुने के बराबर किया जायेगा ।

(ब) सुधा की मृत्यु के दिन तक के लाभ या हानि के अंश की गणना बिक्री के आधार पर की जायेगी । 31 मार्च, 2012 को समाप्त हुए वर्ष की बिक्री की राशि ₹ 4,00,000 थी तथा 1 अप्रैल से 30 जून 2012 तक ₹ 1,50,000 थी । 31 मार्च, 2012 को समाप्त हुए वर्ष का लाभ ₹ 1,00,000 था ।

(स) पूँजी पर 6% वार्षिक की दर से ब्याज दिया जायेगा ।

(द) विगत तीन वर्षों का औसत लाभ ₹ 42,000 था ।

(य) सुधा की वसीयत के अनुसार, उसके हिस्से की राशि उसके निष्पादक द्वारा "मैत्री छाया – लड़कियों का अनाथालय" को दान करेंगे ।

सुधा के निष्पादक को भेजने के लिए उसका पूँजी खाता तैयार कीजिए तथा उस मूल्य की पहचान भी कीजिए जो प्रश्न में उजागर किया गया है । 6

The Balance Sheet of Sudha, Rahim and Kartik who were sharing profit in the ratio of 3 : 3 : 4 as on 31st March, 2012 was as follows :

| Liabilities | | Amount (₹) | Assets | Amount (₹) |
|---|---|---|---|---|
| General Reserve | | 10,000 | Cash | 16,000 |
| Bills Payable | | 5,000 | Stock | 44,000 |
| Loan | | 12,000 | Investments | 47,000 |
| Capitals : Sudha : | 60,000 | | Land & Building | 60,000 |
| Rahim : | 50,000 | | Sudha's loan | 10,000 |
| Kartik : | 40,000 | 1,50,000 | | |
| | | **1,77,000** | | **1,77,000** |

Sudha died on June 30th 2012. The partnership deed provided for the following on the death of a partner :

(a) Goodwill of the firm be valued at two years purchase of average profits for the last three years.

(b) Sudha's share of profit or loss till the date of her death was to be calculated on the basis of sales. Sales for the year ended 31st March, 2012 amounted to ₹ 4,00,000 and that from 1st April to 30th June 2012 to ₹ 1,50,000. The profit for the year ended 31st March, 2012 was ₹ 1,00,000.

(c) Interest on capital was to be provided @ 6% p.a.

(d) The average profits of the last three years were ₹ 42,000.

(e) According to Sudha's will, the executors should donate her share to "Matri Chhaya – an orphanage for girls".

Prepare Sudha's Capital Account to be rendered to her executor. Also identify the value being highlighted in the question.

17. मनीप्लस कम्पनी ने ₹ 10 प्रत्येक के 75,000 अंशों के 10% बट्टे पर निर्गमन के लिए आवेदन आमन्त्रित किये । राशियाँ निम्नानुसार देय थीं :

आवेदन पर ₹ 2 प्रति अंश, आबंटन पर ₹ 3 प्रति अंश तथा याचना पर ₹ 4 प्रति अंश ।

कम्पनी को 1,50,000 अंशों के लिए आवेदन प्राप्त हुए । आबंटन निम्नानुसार हुआ :

(अ) 15,000 अंशों के आवेदकों को 5,000 अंश आबंटित किये गये ।

(ब) 70,000 अंशों के आवेदकों को 40,000 अंश आबंटित किये गये

(स) शेष आवेदकों को 30,000 अंश आबंटित किये गये ।

आबंटन से अधिक राशि लौटा दी गई । हरी जिसने 3500 अंशों के लिए आवेदन दिये थे तथा जो ग्रुप 'बी' में सम्मिलित था, आबंटन तथा याचना राशि का भुगतान करने में असमर्थ रहा । रोहन जिसे 3,000 अंश आबंटित किये गये थे, ने याचना राशि का भुगतान आबंटन के समय ही कर दिया । रोहन भी ग्रुप 'बी' से सम्बन्धित था ।

कम्पनी की पुस्तकों में उपरोक्त लेनदेनों के लिए रोजनामचा प्रविष्टियाँ कीजिए । अपनी कार्यकारी टिप्पणी को स्पष्ट रूप में दिखलाइये । 8

**अथवा**

निम्नलिखित अवस्थाओं में अंशों के जब्त करने तथा पुनःनिर्गमन की प्रविष्टियाँ कीजिए :

(अ) एक्स लिमिटेड ने ₹ 10 प्रत्येक के 20 अंशों को जब्त कर लिया जिन पर अंशधारियों से ₹ 7 माँगे गए थे तथा ₹ 5 प्रति अंश आवेदन तथा आबंटन पर भुगतान किया गया था । इनमें से 15 अंश नरेश को ₹ 8 प्रति अंश के भुगतान पर ₹ 7 प्रति अंश प्रदत्त रूप में पुनः निर्गमित कर दिये गये ।

(ब) वाई लिमिटेड ने ₹ 10 प्रत्येक के 90 अंशों को जिन पर ₹ 8 माँगे गए थे तथा जिनका निर्गमन ₹ 2 प्रति अंश प्रीमियम पर 'आर' को किया गया था, ₹ 5 प्रति अंश की आबंटन राशि (प्रीमियम सहित) का भुगतान न कर सकने के कारण जब्त कर लिया । इनमें से 80 अंशों का संजय को ₹ 10 प्रति अंश, ₹ 8 याचित की दर से पुन: निर्गमन कर दिया गया ।

(स) जैड लिमिटेड ने ₹ 10 प्रत्येक के 300 अंशों को जिनका निर्गमन ₹ 1 प्रति अंश बट्टे पर किया गया था, ₹ 3 प्रति अंश की प्रथम एवं अन्तिम याचना राशि प्राप्त न होने पर जब्त कर लिया । इनमें से 200 अंश ₹ 3 प्रति अंश पूर्ण प्रदत्त पुन: निर्गमित कर दिये गये ।

Moneyplus Company issued for public subscription 75,000 shares of the value of ₹ 10 each at a discount of 10% payable as follows :

₹ 2 per share on application, ₹ 3 per share on allotment and ₹ 4 per share on call.

The company received applications for 1,50,000 shares. The allotment was done as under :

(a) Applicants of 15,000 shares were allotted 5,000 shares.

(b) Applicants of 70,000 shares were allotted 40,000 shares.

(c) Remaining applicants were allotted 30,000 shares.

Money in excess to allotment was returned. Hari, a shareholder who had applied for 3,500 shares out of group B failed to pay allotment and call money. Rohan, a shareholder who was allotted 3,000 shares paid the call money along with the allotment. Rohan also belonged to group B.

Pass necessary journal entries to record the above transactions in the books of the company. Show your working notes clearly.

**OR**

Record the journal entries for forfeiture and reissue of shares in the following cases :

(a) X Ltd. forfeited 20 shares of ₹ 10 each, ₹ 7 called up on which the shareholder had paid application and allotment money of ₹ 5 per share. Out of these, 15 shares were re-issued to Naresh as ₹ 7 per share paid up for ₹ 8 per share.

(b) Y Ltd. forfeited 90 shares of ₹ 10 each, ₹ 8 called up issued at a premium of ₹ 2 per share to 'R' for non-payment of allotment money of ₹ 5 per share (including premium). Out of these, 80 shares were re-issued to Sanjay as ₹ 8 called up for ₹ 10 per share.

(c) Z Ltd. forfeited 300 shares of ₹ 10 each issued at a discount of ₹ 1 per share for non-payment of first and final call of ₹ 3 per share. Out of these 200 shares were reissued at ₹ 3 per share fully paid up.

18. सहज तथा निमिश एक फर्म में साझेदार हैं । वे लाभ-हानि का विभाजन 2 : 1 के अनुपात में करते हैं । वे दोनों ही विशिष्ट रूप से योग्य हैं, अत: कभी-कभी उनके लिए अपने आप व्यापार चलाना कठिन हो जाता है । गौरी ने, जो दोनों की ही मित्र है, उनकी सहायता करने का निर्णय लिया । अत: उन्होंने 1/3 भाग के लिए गौरी को साझेदार बनाया है । वह अपने हिस्से की ख्याति तथा आनुपातिक पूँजी नगद लाई । गौरी के प्रवेश के समय सहज तथा निमिश का स्थिति-विवरण निम्नलिखित था :

| देयताएँ | | राशि (₹) | सम्पत्तियाँ | राशि (₹) |
|---|---|---|---|---|
| पूँजी खाते : | | | मशीनरी | 1,20,000 |
| सहज | 1,20,000 | | फर्नीचर | 80,000 |
| निमिश | 80,000 | 2,00,000 | रहतिया | 50,000 |
| सामान्य संचय | | 30,000 | विविध देनदार | 30,000 |
| लेनदार | | 30,000 | रोकड़ | 20,000 |
| कर्मचारी भविष्य निधि | | 40,000 | | |
| | | 3,00,000 | | 3,00,000 |

ये निर्णय लिये गये :

(अ) रहतिये का मूल्य ₹ 5,000 घटाया जाए ।

(ब) फर्नीचर पर 10% ह्रास लगाया जाए तथा मशीनरी को 5% बढ़ाया जाए ।

(स) देनदारों में ₹ 3,000 डूबत ऋण हैं । संदिग्ध ऋणों के लिए देनदारों पर 5% का आयोजन करना है ।

(द) फर्म की ख्याति का मूल्यांकन ₹ 45,000 किया गया ।

पुनर्मूल्यांकन खाता, साझेदारों के पूँजी खाते तथा पुनर्गठित फर्म का स्थिति-विवरण तैयार कीजिए । प्रश्न में सम्प्रेषित किये गये मूल्य की पहचान कीजिए । 8

**अथवा**

प्राची, रितिका तथा इशिता एक फर्म में साझेदार थीं जो लाभों को 5 : 3 : 2 के अनुपात में विभाजित करती थीं । अधिकारियों की बार-बार की चेतावनी के बावजूद वे हानिकारक कचरे को पास की नदी में डालते रहे । 31 मार्च 2012 को न्यायालय ने उनकी फर्म के समापन का आदेश दिया । प्राची को सम्पत्तियों के विक्रय तथा देनदारियों के भुगतान का कार्य सौंपा गया । उनकी इन सेवाओं के लिए उसे ₹ 1,000 कमीशन मिलेगा । फर्म की वित्तीय स्थिति निम्नानुसार थी ।

| देनदारियाँ | राशि (₹) | सम्पत्तियाँ | राशि (₹) |
|---|---|---|---|
| लेनदार | 10,000 | फर्नीचर | 37,000 |
| विनियोग उतार चढ़ाव निधि | 4,500 | रहतिया | 5,500 |
| पूँजियाँ : | | विनियोग | 15,000 |
| प्राची | 40,000 | रोकड़ | 9,000 |
| रितिका | 30,000 | इशिता की पूँजी | 18,000 |
| | **84,500** | | **84,500** |

निम्नलिखित पर सहमति हुई :

प्राची ने विनियोगों को ₹ 12,500 में लिया । रहतिया तथा फर्नीचर पर ₹ 41,500 प्राप्त हुए । फर्म में एक पुराने फर्नीचर को, जो पूर्णत: अपलिखित हो चुका था, रितिका ने ₹ 3,000 में ले लिया । कर्मचारियों को ₹ 8,000 की क्षतिपूर्ति की गई । इस देयता को उपरोक्त स्थिति विवरण में नहीं दर्शाया गया था । वसूली व्यय ₹ 1,000 हुए । फर्म की पुस्तकें बन्द करने के लिए वसूली खाता, साझेदारों के पूँजी खाते तथा रोकड़ खाता तैयार कीजिए ।

प्रश्न में सम्प्रेषित किये गये मूल्य की पहचान भी कीजिए ।

Sahaj and Nimish are partners in a firm. They share profits and losses in the ratio of 2 : 1. Since both of them are specially abled, sometimes they find it difficult to run the business on their own. Gauri, a common friend decides to help them. Therefore, they admitted her into partnership for a 1/3rd share. She brought her share of goodwill in cash and proportionate capital. At the time of Gauri's admission, the Balance Sheet of Sahaj and Nimish was as under :

| **Liabilities** | | **Amount (₹)** | **Assets** | **Amount (₹)** |
|---|---|---|---|---|
| Capital Accounts : | | | Machinery | 1,20,000 |
| Sahaj | 1,20,000 | | Furniture | 80,000 |
| Nimish | 80,000 | 2,00,000 | Stock | 50,000 |
| General Reserve | | 30,000 | Sundry Debtors | 30,000 |
| Creditors | | 30,000 | Cash | 20,000 |
| Employees' Provident Fund | | 40,000 | | |
| | | **3,00,000** | | **3,00,000** |

It was decided to :

(a) Reduce the value of stock by ₹ 5,000.

(b) Depreciate furniture by 10% and appreciate machinery by 5%.

(c) ₹ 3,000 of the debtors proved bad. A provision of 5% was to be created on Sundry Debtors for doubtful debts.

(d) Goodwill of the firm was valued at ₹ 45,000.

Prepare Revaluation Account, Partners' Capital Accounts and Balance Sheet of the reconstituted firm. Identify the value being conveyed in the question.

**OR**

Prachi, Ritika and Ishita were partners in a firm sharing profits and losses in the ratio of 5 : 3 : 2. Inspite of repeated reminders by the authorities, they kept dumping hazardous material into a nearby river. The court ordered for the dissolution of their partnership firm on 31st March 2012. Prachi was deputed to realise the assets and pay the liabilities. She was paid ₹ 1,000 as commission for her services. The financial position of the firm was as follows :

| Liabilities | Amount (₹) | Assets | Amount (₹) |
|---|---|---|---|
| Creditors | 10,000 | Furniture | 37,000 |
| Investment Fluctuation Fund | 4,500 | Stock | 5,500 |
| Capitals : | | Investments | 15,000 |
| Prachi | 40,000 | Cash | 9,000 |
| Ritika | 30,000 | Ishita's Capital | 18,000 |
| | **84,500** | | **84,500** |

Following was agreed upon :

Prachi took over investments for ₹ 12,500. Stock and furniture realized ₹ 41,500. There was old furniture which has been written off completely from the books. Ritika agreed to take away the same at the price of ₹ 3,000. Compensation paid to the employees amounted to ₹ 8,000. This liability was not provided in the above Balance Sheet. Realization expenses amounted to ₹ 1,000. Prepare Realisation Account, Partners' Capital Accounts and Cash A/c to close the books of the firm.

Also identify the value being conveyed in the question.

## भाग – ख

## PART – B

## (वित्तीय विवरणों का विश्लेषण)

## (Financial Statements Analysis)

19. 'एक वित्तीय कम्पनी द्वारा लाभांश की प्राप्ति' को आप रोकड़ प्रवाह विवरण तैयार करते समय किस प्रकार के क्रियाकलाप में वर्गीकृत करेंगे ? **1**

**Under which type of activity will you classify 'Dividend received by a finance company' while preparing Cash Flow Statement ?**

20. 'प्रचालन क्रियाकलाप से प्राप्त रोकड़' का क्या तात्पर्य है ? **1**

**What is meant by 'Cash from operating activities' ?**

21. वित्तीय विवरणों के विश्लेषण के किसी एक उद्देश्य का उल्लेख कीजिए । **1**

**State any one objective of Financial Statements Analysis.**

22. कम्पनी अधिनियम 1956 की परिशोधित सारणी VI के भाग I अनुसार स्थिति विवरण में निम्नलिखित मदें किस शीर्षक तथा उपशीर्षक के अन्तर्गत दिखलाई जाएँगी ?

(i) ऋणपत्रों के शोधन पर प्रीमियम;

(ii) खुले औजार;

(iii) बैंकों में शेष । **3**

**Under what heads and sub-heads the following items will appear in the Balance Sheet of a company as per revised Schedule VI, Part – I of Companies Act 1956.**

**(i) Premium on redemption of Debentures**

**(ii) Loose tools**

**(iii) Balances with banks**

23. (अ) निम्नलिखित सूचना से 'कार्यशील पूँजी आवर्त अनुपात' की गणना कीजिए :

नकद विक्रय ₹ 1,30,000; उधार विक्रय ₹ 3,80,000; विक्रय वापसी ₹ 10,000; तरल सम्पत्तियाँ ₹ 1,40,000; चालू दायित्व ₹ 1,05,000 तथा रहतिया ₹ 90,000.

(ब) निम्नलिखित सूचना से 'ऋण समता अनुपात' की गणना कीजिए :

विविध सम्पत्तियाँ ₹ 3,50,000; कुल ऋण ₹ 2,50,000; चालू दायित्व ₹ 80,000. **2 + 2 = 4**

**(a) Compute 'Working Capital Turnover Ratio' from the following information : Cash Sales ₹ 1,30,000; Credit Sales ₹ 3,80,000; Sales Returns ₹ 10,000; Liquid Assets ₹ 1,40,000; Current Liabilities ₹ 1,05,000 and Inventory ₹ 90,000.**

**(b) Calculate 'Debt Equity Ratio' from the following information : Total Assets ₹ 3,50,000; Total Debt ₹ 2,50,000 and Current Liabilities ₹ 80,000.**

24. सनट्रैक लिमिटेड के 31 मार्च 2011 तथा 2012 को समाप्त हुए वर्षों के लिए निम्नलिखित लाभ तथा हानि विवरण से 'तुलनात्मक लाभ-हानि विवरण' तैयार कीजिए : **4**

| विवरण | नोट संख्या | 2011-12 ₹ | 2010-11 ₹ |
|---|---|---|---|
| प्रचालन से आय | | 20,00,000 | 12,00,000 |
| अन्य आय | | 12,00,000 | 9,00,000 |
| व्यय | | 13,00,000 | 10,00,000 |

From the following Statement of Profit and Loss of Suntrack Ltd., for the years ended 31st March 2011 and 2012, prepare a 'Comparative Statement of Profit & Loss'.

| Particulars | Note No. | 2011-12 ₹ | 2010-11 ₹ |
|---|---|---|---|
| Revenue from operations | | 20,00,000 | 12,00,000 |
| Other Income | | 12,00,000 | 9,00,000 |
| Expenses | | 13,00,000 | 10,00,000 |

25. विसबेन लिमिटेड का 31 मार्च 2012 को निम्नलिखित स्थिति-विवरण है :

| विवरण | नोट संख्या | 2012 ₹ | 2011 ₹ |
|---|---|---|---|
| I. समता एवं दायित्व : | | | |
| (1) अंशधारी निधि : | | | |
| (अ) अंश पूँजी | | 7,00,000 | 6,00,000 |
| (ब) संचय एवं आधिक्य (लाभ-हानि शेष) | | 2,00,000 | 1,10,000 |
| (2) अचल दायित्व | | | |
| दीर्घकालीन ऋण | | 3,00,000 | 2,00,000 |
| (3) चालू दायित्व | | | |
| व्यापारिक देयताएँ | | 30,000 | 25,000 |
| **योग** | | **12,30,000** | **9,35,000** |
| II. सम्पत्तियाँ : | | | |
| (1) अचल परिसम्पत्तियाँ | | | |
| (अ) स्थायी परिसम्पत्तियाँ | | | |
| मूर्त परिसम्पत्तियाँ | | 11,00,000 | 8,00,000 |
| (2) चालू परिसम्पत्तियाँ | | | |
| (अ) रहतिया | | 70,000 | 60,000 |
| (ब) व्यापारिक प्राप्तियाँ | | 32,000 | 40,000 |
| (स) रोकड़ एवं रोकड़ तुल्य | | 28,000 | 35,000 |
| **योग** | | **12,30,000** | **9,35,000** |

**समायोजन :**

वर्ष के दौरान एक मशीन को जिसका पुस्तक मूल्य ₹ 80,000 था, ₹ 65,000 में बेच दिया गया । मूर्त सम्पत्तियों पर वर्ष पर्यन्त ₹ 2,00,000 ह्रास लगाया गया ।

रोकड़ प्रवाह विवरण तैयार कीजिए । 6

Following is the Balance Sheet of Wisben Ltd. as on 31st March 2012 :

| Particulars | Note No. | 2012 ₹ | 2011 ₹ |
|---|---|---|---|
| I. Equity & Liabilities : | | | |
| (1) Shareholders Funds | | | |
| (a) Share capital | | 7,00,000 | 6,00,000 |
| (b) Reserves and Surplus (Profit & Loss Balance) | | 2,00,000 | 1,10,000 |
| (2) Non-Current Liabilities | | | |
| Long term borrowings | | 3,00,000 | 2,00,000 |
| (3) Current Liabilities | | | |
| Trade Payables | | 30,000 | 25,000 |
| **Total** | | **12,30,000** | **9,35,000** |
| II. Assets : | | | |
| (1) Non-Current Assets | | | |
| (a) Fixed assets | | | |
| Tangible Assets | | 11,00,000 | 8,00,000 |
| (2) Current Assets | | | |
| (a) Inventories | | 70,000 | 60,000 |
| (b) Trade Receivables | | 32,000 | 40,000 |
| (c) Cash and Cash equivalents | | 28,000 | 35,000 |
| **Total** | | **12,30,000** | **9,35,000** |

**Adjustments :**

During the year a piece of machinery of the book value of ₹ 80,000 was sold for ₹ 65,000. Depreciation provided on tangible assets during the year amounted to ₹ 2,00,000.

Prepare a Cash Flow Statement.

## भाग – ग

## PART – C

## (Computerised Accounting)

## (अभिकलित्र लेखांकन)

19. 'अभिकलित्र लेखांकन प्रणाली' के किसी एक लाभ का उल्लेख कीजिए । **1**

State any one advantage of 'Computerized Accounting System'.

20. डी.बी.एम.एस. के किसी ऐसे सॉफ्टवेयर का नाम बताइये जो आँकड़ों को लचीलेपन में संसाधित करता है । **1**

Name any one DBMS software which processes the data in flexible manner.

21. सम्बंधात्मक डाटाबेस का क्या अर्थ है ? **1**

What is meant by Relational Database ?

22. किन्हीं तीन आधारों पर जैनेरिक तथा टेलर्ड सॉफ्टवेयर पैकेजेज़ में अन्तर्भेद कीजिए । **3**

Differentiate between generic and tailored software packages on any three bases.

23. 'संहिताकरण' की विधि समझाइये । **4**

Explain the method of 'Codification'.

24. डी.बी.एम.एस. क्या है ? इसके दो लाभ समझाइये । **4**

What is DBMS ? Explain its two advantages.

25. निम्नलिखित सूचना से (अ) महँगाई भत्ता (ब) शुद्ध वेतन तथा (स) देय कर की राशि की गणना के लिए एक्सेल पर सूत्र की गणना कीजिए :

(अ) महँगाई भत्ते के लिए, मूल वेतन ₹ 40,000 तक 20% की दर से तथा इससे अधिक पर 25% की दर से ।

(ब) शुद्ध वेतन के लिए – मूल वेतन में महँगाई भत्ता जोड़कर ।

(स) देय कर के लिए 30% की समान दर से । **6**

Calculate the formula on Excel for computing the amount of (a) Dearness Allowance (b) Net Salary (c)Tax Payable from the following information :

(a) For Dearness Allowance, Basic Salary upto ₹ 40,000 at 20% and at 25% above it.

(b) For Net Salary, adding Dearness Allowance to Basic Pay.

(c) For Tax payable at a uniform rate of 30%.

---